POLICE COMMISSIONERATE

PRAYAGRAJ

# सराहनीय कार्य / प्रेस विज्ञप्ति- दिनांक 05.09.2025

## थाना फूलपुर पुलिस टीम द्वारा 02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय व अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त गंगानगर व अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के कुशल पर्यवेक्षण में व सहायक पुलिस आयुक्त फूलपुर के कुशल नेतृत्व में गंगानगर-जोन के थाना फूलपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-395/2025 धारा-191(2)/191(3)/190/352/109(1) भा0न्या0सं0 से सम्बन्धित 02 वांछित अभियुक्त 1. सैय्यद अमान जैदी पुत्र परवेज निवासी बाबूपुर निकट मस्जिद थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज, 2. अब्दुल रहमान कुरैशी पुत्र मो0 जुबैर निवासी शेखपुर पश्चिमी ब्लाक के सामने थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना फूलपुर पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-05.09.2025 को थाना फूलुपर क्षेत्रान्तर्गत परासिनपुर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

उल्लेखनीय है कि उपरोक्त अभियुक्तों द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर दिनांक 03.09.2025 को थाना फूलपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम नरई निवासी राजशेखर पटेल के साथ पुराने विवाद को लेकर गाली गलौज करते हुये तमंचे से राजशेखर पटेल उपरोक्त के ऊपर फायर किया गया था, जिससे गोली के छर्रे लगने से उनको चोटे आई थी। उक्त प्रकरण में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना फूलपुर पर मु0अ0सं0-395/2025 उपरोक्त पंजीकृत किया गया था।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-**

1. सैय्यद अमान जैदी पुत्र परवेज निवासी बाबूपुर निकट मस्जिद थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज, उम्र करीब 20 वर्ष।
2. अब्दुल रहमान कुरैशी पुत्र मो0 जुबैर निवासी शेखपुर पश्चिमी ब्लाक के सामने थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज, उम्र करीब 20 वर्ष।

**सम्बन्धित अभियोग का विवऱण-**

मु0अ0सं0-395/2025 धारा-191(2)/191(3)/190/352/109(1) भा0न्या0सं0 थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 उमेश कुमार सिंह, चौकी प्रभरारी कस्बा थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. उ0नि0 सौरभ शुक्ला, थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. उ0नि0 संजीव कुमार खरवार, थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज।
4. का0 श्रीश कुमार मिश्रा, थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज।

## थाना खुल्दाबाद पुलिस द्वारा वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 चाकू बरामद

थाना खुल्दाबाद पुलिस द्वारा थाना स्थानीय के पंजीकृत मु0अ0सं0- 64/2025 धारा 109(1) बी0एन0एस0 में वांछित अभियुक्त सुनील कुमार चौरसिया पुत्र मक्खन लाल चौरसिया निवासी बल्ली का पूरा खागा जनपद फतेहपुर को दिनांक 04.09.2025 को जोगीवीर तिराहा के नीचे थाना क्षेत्र खुल्दाबाद से गिरफ्तार किया गया तथा कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 चाकू बरामद किया गया। गिरफ्तारी/बारमदगी के आधार पर उक्त अभियोग में धारा 118(1) बी0एन0एस0 व 4/25 आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी की गयी। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

सुनील कुमार चौरसिया पुत्र मक्खन लाल चौरसिया निवासी बल्ली का पूरा खागा जनपद फतेहपुर, उम्र करीब 35 वर्ष।

**सम्बन्धित अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0- 64/2025 धारा 109(1), 118(1) बी0एन0एस0 व 4/25 आर्म्स एक्ट थाना खुल्दाबाद कमिश्नरेट प्रयागराज।

**बरामदगी का विवरण-**

घटना में प्रयुक्त 01 चाकू

**गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-**

1.उ0नि0 राम हरीश यादव, थाना खुल्दाबाद कमिश्नरेट प्रयागराज ।
2.उ0नि0 सोनू सिंह, थाना खुल्दाबाद कमिश्नरेट प्रयागराज ।
3.का0 नीरज यादव, थाना खुल्दाबाद कमिश्नरेट प्रयागराज ।

## थाना घूरपुर पुलिस टीम द्वारा धारदार हथियार से चोट कारित कर अपनी पत्नी व ससुरालिजन के हत्या का प्रयास का नामजद अभियुक्त गिरफ्तार, निशांदेही पर घटना में प्रयुक्त 01 लोहे का चाकू बरामद

थाना घूरपुर पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-311/25 धारा-109/115(2) /352/351(2) बीएनएस के नामजद अभियुक्त संदीप पटेल पुत्र बिन्द्रा प्रसाद निवासी बेलसरा नौगवा थाना घूरपुर प्रयागराज को आज दिनांक-05.09.2025 को मुखबिर की सूचना पर ग्राम बुंदावा थाना क्षेत्र घूरपुर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त उपरोक्त की निशांदेही

पर घटना में प्रयुक्त 01 चाकू (लोहे का) बरामद किया गया । नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

## घटना का संक्षिप्त विवरण-

आवेदक कमलेश पटेल पुत्र स्व. लक्ष्मी नारायण पटेल निवासी ग्राम बुदावा उमरी थाना घूरपुर जनपद प्रयागराज द्वारा थाना स्थानीय पर प्रार्थना पत्र दिया गया कि मेरी पुत्री कंचन देवी की शादी करीब 8 वर्ष पूर्व संदीप पटेल पुत्र स्व0 विन्द्रा प्रसाद निवासी ग्राम बेलसारा नौगवा थाना कौंधियारा जनपद प्रयागराज के साथ हुई थी। मेरी पुत्री कंचन देवी करीब तीन दिन पहले अपने बच्चों व अपनी सास के साथ मेरे घर पर आयी थी। दिनांक-04.09.2025 को रात में मेरे दामाद संदीप पटेल द्वारा मेरे घर पर आकर अपनी मां पर धारदार हथियार से हमला करने का प्रयास किया। जिसपर मैं, मेरी पुत्री कंचन देवी(संदीप पटेल की पत्नी), मेरी पत्नी बिटाऊ देवी और मेरी दूसरी पुत्री आराधना देवी द्वारा बचाने का प्रयास करने पर दामाद संदीप पटेल उपरोक्त द्वारा हम लोगों के ऊपर धारदार हथियार (चाकू और कटवासा) से जान से मारने की नियत से हमला कर दिया। जिससे मुझे, मेरी पुत्री कंचन देवी, मेरी दूसरी पुत्री आराधना और पत्नी बिटाऊ देवी को चोटें आई है। जाते समय उसने हमलोगों के साथ गाली-गलौज करते हुए मार-पीट व जान से मारने की धमकी दी गयी। उक्त प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 311/25 उपरोक्त पंजीकृत किया गया था।

थाना घूरपुर पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त के नामजद अभियुक्त संदीप पटेल उपरोक्त को थाना क्षेत्र घूरपुर से गिरफ्तार किया गया तथा निशांदेही पर घटना में प्रयुक्त 01 चाकू बरामद किया गया। उक्त बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 4/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी की गयी।

## पूछताछ का विवरण-

अभियुक्त संदीप पटेल उपरोक्त ने पूछताछ पर बताया कि मेरी पत्नी से मेरी घरेलू बातों को लेकर विवाद हो गया था, जिस कारण मेरी पत्नी अपने मायके चली गयी थी । दिनांक-

04.09.2025 को मै भी अपने ससुराल गया था जहाँ पर मेरी पत्नी से कहा-सुनी हो गयी और मैने गुस्से में आकर चाकू से हमला कर दिया था।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

संदीप पटेल पुत्र बिन्द्रा प्रसाद निवासी बेलसरा नौगवा थाना घूरपुर प्रयागराज, उम्र करीब 27 वर्ष।

**संबंधित अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0 311/25 धारा 109/115(2)/352/351(2) बीएनएस व धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना घूरपुर कमिश्नरेट प्रयागराज।

**बरामदगी का विवरण-**

घटना में प्रयुक्त 01 लोहे का चाकू

**गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1. उ0नि0 बाबूराम, थाना घूरपुर कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. उ0नि0 विजय गुप्ता, थाना घूरपुर कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. हे0का0 अशरफ खाँ, थाना घूरपुर कमिश्नरेट प्रयागराज।
4. का0 दीपक सिंह, थाना घूरपुर कमिश्नरेट प्रयागराज।